Regarding alleged irregularities in implementation of Jal Jeevan Mission Scheme in Banda Parliamentary Constituency-laid

श्री आर. के. सिंह पटेल **(बांदा) :** कृपया मेरे संसदीय क्षेत्र बांदा एवं चित्रकूट (उत्तर प्रदेश) मे हर घर जल नल योजना के अंतर्गत गांवों में पेयजल पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है, जो मानक विहीन है, ग्रामों मे सड़कों को बिना मानक के खोदकर घटिया किस्म के पाइप डाले जा रहे है, तथा पाइप डालने के बाद गढ़ढ़े मे मिट्टी डालकर चले जाते है तथा ग्राम की सड़क टूटी की टूटी रहती है, जिससे ग्रामीणों को अपने गाँव मे ही आने जाने का रास्ता बंद हो जाता है, तथा पाइप लाइन डालने के महीनों बीत जाने के बाद समस्या का निस्तारण नहीं किया जाता है । अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ, कि मेरे संसदीय क्षेत्र मे जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों की जांच कराने का कष्ट करें ।